देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर

डॉ0 लक्ष्मीकांत त्रिपाठी
संकायाध्यक्ष, छात्र कल्याण

मो0- 9425345441
विश्वविद्यालय भवन,
आर.एन.टी.मार्ग,इन्दौर

दिनांक 25.03.21

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने की ओर अग्रसर भारत के इस अवसर पर *"आजादी का अमृत महोत्सव"* के तहत मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग तथा स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना, भोपाल की संगठन व्यवस्था में देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर द्वारा आज दिनांक 25 मार्च 2021 को आर.एन.टी. मार्ग स्थित देवी अहिल्या दरबार हाल में ***"दांडी मार्च का आजादी में योगदान"*** विषय पर विश्वविद्यालय स्तरीय निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

विश्वविद्यालय स्तरीय इस निबंध प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर माननीय कुलपति डॉ. रेणु जैन, कुलाधिसचिव डॉ. अशोक शर्मा तथा कुलसचिव डॉ. अनिल शर्मा द्वारा प्रतिभागी विद्यार्थियों को महात्मा गांधी व अन्य स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों द्वारा आजादी के लिये किये गये संघर्ष का स्मरण कराते हुए दांडी यात्रा के माध्यम से गांधीजी द्वारा नमक कानून को किस प्रकार विपत्तियां झेलकर तोड़ा गया जो कि प्रकारांतर में जनआंदोलन में तब्दील होकर आजादी का अलख जगाने लगा।

इस आयोजित प्रतियोगिता में देवी अहिल्या विश्वविद्यालय परिक्षेत्र अंतर्गत आने वाले सभी 8 जिलों (इंदौर ,धार, झाबुआ, खण्डवा, खरगोन, बड़वानी, बुरहानपुर, अलीराजपुर) से जिला स्तर पर प्रथम से लगत तृतीय स्थान पर चयनित तीन–तीन प्रतिभागी विद्यार्थी इस प्रतियोगिता में सम्मिलित हुए।

प्रतियोगिता में निर्णायक बतौर डॉ. पुष्पेन्द्र दुबे, महाराजा रणजीतसिंह कॉलेज, खंडवा रोड़, इंदौर तथा डॉ. श्रद्धा दुबें, माता जीजाबाई शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, इंदौर उपस्थित हुए। **कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन डॉ. लक्ष्मीकांत त्रिपाठी, अधिष्ठाता, छात्र कल्याण विभाग द्वारा किया गया।**

क्र	जिले के अग्रणी महाविद्यालय	विद्यार्थी का नाम	छात्र से संबंधित महाविद्यालय
1	माता जीजाबाई शास. स्नात. कन्या महावि. इंदौर	अंकुश गेडा	अटलबिहारी शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, इंदौर।
2	श्री नीलकंठेश्वर शासकीय महावि. खंडवा	विदुषी तोमर	एस.एन. महाविद्यालय खंडवा
3	माता जीजाबाई शास. स्नात. कन्या महावि. इंदौर	भोलेराम चक्रवर्ती	होलकर विज्ञान महाविद्यालय, इंदौर।

इस प्रतियोगिता के परिणाम निम्नानुसार रहें :–

उपरोक्तानुसार विजेता प्रतिभागी विद्यार्थी भोपाल में दिनांक 31.03.2021 को आयोजित की गई राज्य स्तरीय निबंध प्रतियोगिता में भाग लेंगें।

प्रति,
डॉ. चन्दन गुप्ता,
मीडिया प्रभारी
देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर की ओर सादर प्रस्तुत।

अधिष्ठाता,
छात्र कल्याण विभाग,